卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 109 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦24 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बेटियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं: धामी


देहरादून(उद संवाददाता)।राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला आयोग द्वारा महिलाओं की खेल में सहभागिता विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बेटियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्येय है कि मातृ शक्ति का सशक्तिकरण होना चाहिए उनको उचित शिक्षा प्राप्त होनी चाहिए। सरकार इस पर निरंतर काम कर रही है। सरकार प्रदेश की सभी बालिकाओं के जीवन में कल्याणी परिवर्तन लाने के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। सरकार बेटियों के लक्ष्य को पूरा करना चाहती है। बेटियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। प्रदेश की किसी भी बेटी का अपमान और ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर




कार्रवाई से हम पीछे नहीं हटेंगे। प्रशासन और पुलिस विभाग को निर्देश जारी किये गये हैं कि बेटियों और मातृशक्ति की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। इसमें किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया जायेगा। हमारी बेटिया हमारी शान है। शास्त्रों में भी लिखा गया है जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का निवास होता है। प्रदेश की कई नारी शक्तियों ने उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया है। ये सब हमारे बीच से निकली है और उन्होंने शिखरों को छूने का काम किया है। उत्तराखण्ड की बेटियों ने हर क्षेत्र में मुकाम हासिल किया है। किसी भी मामले में उत्तराखण्ड की बेटियां पीछे नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनायी गयी नीतियां बेटियों और मातृशक्ति को और मजबूत बनाने का काम कर रही है। सरकार ने मातृ शक्ति के लिए तीस प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देने का काम किया है। खेल के क्षेत्र में भी बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। पहाड़ की मातृ शक्ति को भी आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। बेटियों के लिए बनायी गयी योजनाओं को साकार करने में हम सफल हो (शेष पृष्ठ सात पर)

## धीरेंद्र शास्त्री को जान से मारने की धमकी

छतरपुर(उद संवाददाता)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री को जान से मारने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है कि एक फोन कॉल में धीरेंद्र शास्त्री को धमकी मिली है। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर इन दिनों छत्तीसगढ़ के रायपुर में हैं। जानकारी के मुताबिक, धीरेंद्र शास्त्री को एक अज्ञात फोन कॉल कर धमकी दी गई है। छतरपुर के बमीठा थाने में धीरेंद्र शास्त्री के छोटे भाई लोकेश गर्ग की ओर से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



धीरेंद्र का अभी रायपुर में दिव्य दरबार चल रहा है। छतरपुर के एसपी सचिन शर्मा ने केस दर्ज किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपी का नाम अमर सिंह है। थाना बमीठा में धारा 506, 507 के अंतर्गत अमर सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इससे (शेष पृष्ठ सात पर)

## 26 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी का यलो अलर्ट

देहरादून (उद संवाददाता)। मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। मंगलवार को बादल छाए रहने से ठंड बढ़ गई है। वहीं मंगलवार से 26 जनवरी तक तीन दिन राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा व पहाड़ों में कहीं-कहीं भारी बर्फबारी होने की संभावना है। सोमवार देर शाम से मंगलवार सुबह तक देहरादून समेत कई जनपदों में गहरे बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, प्रदेशभर में मंगलवार से 26 जनवरी तक वर्षा और बर्फबारी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कहीं-कहीं गर्जन के साथ ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है। ऐसे में वर्षा और बर्फबारी चमोली जनपद के जोशीमठ में आपदा प्रभावितों की परेशानी बढ़ा सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, राज्यभर में मंगलवार से गुरुवार तक तीन दिन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने का अनुमान है। जिससे उत्तरकाशी, चमोली व पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं भारी वर्षा व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। साथ ही देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, ऊधमसिंह नगर,हरिद्वार में कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने और आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है। इसे देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## दिल्ली से लापता कारोबारी का रुद्रपुर की धर्मशाला में मिला शव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दिल्ली से अपहृत एक कारोबारी का शहर की दुर्गा धर्मशाला में संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ है। मृतक के पुत्र ने दिल्ली में पिता के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के नगली विहार, निकट शिव पब्लिक स्कूल निवासी सुरेश पंत शव सोमवार शाम को दुर्गा धर्मशाला में बरामद हुआ। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतक के पास से मिले कागजातों से उसकी शिनाख्त हुयी और



पुलिस ने मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। मामले में पुलिस ने जब छानबीन की तो पता चला कि मृतक सुरेश पंत बैग बनाने का काम करते थे और 21 नवम्बर 2022 की दोपहर से लापता थे। उसके पुत्र मुकुल पंत ने 24 नवम्बर 2022 को नार्थ दिल्ली सदर बाजार थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। दर्ज रिपोर्ट में मृतक के पुत्र ने कहा था कि उसके पिता 21 नवम्बर को दोपहर 2 बजे घर से बैंक और उसके बाद अन्य काम से नवादा जाने को कहकर गये थे। शाम साढ़े सात बजे उन्होंने घर पर फोन करके बताया कि वह वापस आ रहे हैं। रात करीब पौने नौ बजे कर्मचारी राहुल के पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और उसने (शेष पृष्ठ सात पर)

## विद्युत केबल चोरी कर ले जाते तीन गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बिछाई गई विद्युत केबल तार चोरी कर ले जाते तीन लोगों को विभाग की गश्ती टीम ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सचिन कुमार पुत्र गुलाब सिंह निवासी डिवाइन कालोनी सनसीटी होम धर्मपुर हाल अवर अभियन्ता निर्माण निगम सिडकुल पंतनगर सेवा सिडकुल पतंनगर ने कहा है कि वह अवर अभियन्ता निर्माण निगम पद पर तैनात है। 23 जनवरी को वह सुपरवाइजर सुरेश सिंह व गार्ड ओम प्रकाश के साथ सिडकुल पंतनगर में निर्माण निगम द्वारा बिछायी गयी विद्युत केवल (शेष पृष्ठ सात पर)

## गैस लीक होने से भड़की आग, दो बाइकों सहित सामान जलकर राख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैंप के मोहल्ला शिवनगर में दूध गर्म करने के दौरान अचानक सिलेण्डर में भड़की आग से घर में रखा सामान और दो मोटरसाइकिलें जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। शिवनगर निवासी अनिल कुमार पुत्र बलबीर सिंह का किरायेदार बिहारीपुर बैरमनगर बरेली निवासी सोनू पुत्र लेखराज की पत्नी कंचन सोमवार रात कमरे में गैस पर दूध गर्म रही थी। इसी दौरान अचानक सिलेण्डर से गैस लीक होने पर आग लक गई। शोर की आवाज



सुनकर अनिल सहित आस पड़ोस के कई लोग भी आ गए। तब तक आग तेजी से भड़क चुकी थी। आग से कमरे में रखा सारा सामान व दो मोटरसाइकिल धूं धूं कर जल कर नष्ट हो गए। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर आ गए और उन्होंने काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों का नुकसान हुआ है।

## शादी का झांसा देकर विधवा से दुष्कर्म

### कोर्ट के निर्देश पर महिला समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। षड्यंत्र के तहत शादी का झांसा देकर विधवा के साथ बलात्कार किए जाने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि वर्ष 2006 में उसके पति रामेश्वर की मृत्यु हो गई। इसके बाद वह अपनी पुत्री आकांक्षा व शिवांगी के साथ किस तरह जीवन यापन करने लगी। वर्ष 2007 में विधवा का आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रूप में ग्राम फिरोजपुर में नियुक्ति हुई। 2019 में उसने अपनी बड़ी पुत्री शिवांगी की शादी कर दी। इस बीच अगस्त 2020 में उसकी छोटी पुत्री आकांक्षा की आकस्मिक मृत्यु हुई। छोटी बेटी की मृत्यु के बाद वह घर में अकेली रह गई। पीड़िता ने कोर्ट को बताया कि वह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए जीवन यापन कर रही थी इसी बीच वर्ष 2021 में प्रार्थी के गांव का अजय नामक व्यक्ति का रिश्तेदार रंधावा उसके घर आया। रंधावा ने बताया कि उसके पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। रंधावा ने विधवा के समक्ष शादी का प्रस्ताव रखते हुए साथ रहने की बात कही। उसने कहा कि वह कोर्ट मैरिज करने के लिए तैयार है।विधवा ने आपत्ति जताई तो रंधावा दबाव डालने लगा। इस बीच रंधावा विधवा को लेकर एसडीएम कोर्ट पहुंच गया। वहां उसके साथ उसकी मां विद्या देवी, भाई गुड्डू, अंकुश,व बहन पूनम को बुला लिया। एसडीएम कोर्ट में विधवा से रंधावा ने कुछ कागजातों पर दस्तखत करवाए और कहा कि एक महीने के बाद कोर्ट मैरिज का सर्टिफिकेट मिल जाएगा। पीड़िता ने कोर्ट को बताया कि शादी का सर्टिफिकेट मिलने का आश्वासन देकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्कूल में कंप्यूटर चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

लालकुआं(उद संवाददाता)। स्कूल में चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का कंप्यूटर और



अन्य सामान बरामद हुआ हैं। थाना लालकुआं में राजकीय प्राथमिक विद्यालय नगीना कॉलोनी की प्रधाना अध्यापिका ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिस पर चोरों की गिरफतारी के लिए एसएसपी पंकज भट्ट ने कोतवाल डी0आर0वर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। टीम में शामिल उपनिरीक्षक वंदना चौहान, कॉन्स्टेबल (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो किलो अफीम समेत दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं गश्त के दौरान पुलिस ने कार सवार दो नशा तस्करों को दो किलो अफीम सहित गिरफ्तार कर लिया। यह खुलासा करते हूए



एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल संजीव कुमार व नारायण रावल के साथ क्षेत्र मे गश्त कर रहे थे। इसी दौरान यूपी सीमा के पास मिलक खानम की तरफ से एक कार (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में युवक गंभीर

रूद्रपुर। सड़क हादसे में सोमवार रात एक बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान वहां से गुजर रहे युवा नेता संजय ठुकराल ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे रैफर कर दिया गया। युवक को निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक भगवानपुर दानपुर निवासी रवि पुत्र नंद लाल बीती रात बाईक संख्या यूके 06ए वी 7607 पर रूद्रपुर की ओर आ रहा था। गावा चौक के पास पेट्रोल पम्प के सामने खड़ी एक कार से बाइक की भिड़ंत हो गयी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे युवा नेता संजय ठुकराल ने घायल युवक को पुलिस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत चिंताजनक देखते हुए रैफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को निजी अस्पताल ले गये। जहां उसका उपचार चल रहा है।



# उत्तराखंड में पक रही सियासी खिचड़ी

## भगद दा के ट्वीट से गरमायी सियासत,पीएम मोदी से मांगी रिटायरमेंट की अनुमति

देहरादून ( उद ब्यूरो)। माघ के माह में अलग ही सियासी खिचड़ी पक रही है जिसका स्वाद जल्द चखने



को मिल सकता है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा वक्त में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने अचानक रिटायरमेंट की इच्छा जताकर उत्तराखंड की सियासत को गरमा दिया है जबकि सत्तासीन भाजपा में भी हलचल बढ़ सकती है। भगतदा के इस ट्वीट के बाद उत्तराखंड के सियासी गलियारों में एक बार फिर नेतृत्व परिवर्तन की भी चर्चायें भी तेज हो गई है। भगत दा ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक ट्वीट कर इस बारे में जानकारी साझा की है। महाराष्ट के राज्यपाल के ट्वीटर हैंडल से बताया गया है कि राज्यपाल ने पीएम मोदी के हालिया महाराष्ट्र दौरे पर रिटायरमेंट की इच्छा जताई है। इस ट्वीट में भगत दा ने लिखा है कि वो अब पढ़ने लिखने के साथ ही इत्मिनान का जीवन व्यतीत करना चाहते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक जिम्मेदारियों से मुक्ति मांगी है। संतों, समाज सुधारकों और वीर सेनानियों की भूमि महाराष्ट्र जैसे महान राज्य के राज्य सेवक या राज्यपाल के रूप में सेवा करना मेरे लिए पूर्ण सम्मान और सौभाग्य की बात है। पिछले 3 साल के दौरान महाराष्ट्र की जनता से जो प्यार और स्नेह मुझे मिला है, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। माननीय प्रधानमंत्री की हाल की मुंबई यात्रा के दौरान, मैंने उन्हें सभी राजनीतिक जिम्मेदारियों से मुक्त होने और अपना शेष जीवन पढ़ने, लिखने और अन्य गतिविधियों में बिताने की अपनी इच्छा से अवगत कराया है। मुझे हमेशा माननीय प्रधानमंत्री से प्यार और स्नेह मिला है और मुझे इस संबंध में भी ऐसा ही मिलने की उम्मीद है। आपको बता दें कि हाल ही में शिवाजी को लेकर दिए गए एक बयान को लेकर उनकी खासी आलोचना हुई थी। इसके बाद से उन्हे लेकर सवाल उठ रहे थे। अब इस बीच खुद भगत सिंह कोश्यारी ने ये ट्वीट कर साफ कर दिया है कि उनका रिटायरमेंट करीब है। माना जा रहा है कि भगत सिंह कोश्यारी वापस उत्तराखंड लौटेंगे और यहीं रहेंगे। आपको बता दें सीएम पुष्कर सिंह धामी भगत दा के राजनीतिकजीवन में बेहद करीबी शिष्य भी रहे हैं। उत्तराखंड मे सीएम पद पर धामी की ताजपोशी को लेकर भी भगतदा का आशीर्वाद रहा है। उत्तराखंड में उनकी राजनीतिक विरासत को संभालने के लिये पुष्कर सिंह धामी के साथ ही क्षेत्रीय नेताओ को तवज्जो मिली है। बहरहाल उत्तराखंड के पूर्वसीएम रह चुके बीएस कोश्यारी के संदेश को लेकर सियासी मायने भी निकाले जारहे है। राजनीतिक विश्लेषको की माने तो महाराष्ट्र की राजनीति में लंबी उठापटख और एक दूसरे की सरकारों का तख्ता पलट करने में सियासी जंग थम चुकी है। ऐसे में अब भगतदा देवभूमि में लौटना चाहते है। उनके लंबे राजनीतिक कैरियर का लाभ उत्तराखंड की धामी सरकार को मिल सकता है। इतना ही नहीं आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भी उत्तराखंड में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने अभी से लॉबिंग शुरू कर दी है। पिछले दिनों राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी उत्तराखंड प्रवास के दौरान कई नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। जिसके बाद अब उन्होंने अपने ट्वीट से राज्य की सियासत को गरम कर दिया है। हांलाकि कोश्यारी के ट्वीट पर भाजपा और कांग्रेस के नेताओं की प्रतिक्रिया पर सबकी निहाहे टिकी हुई है।

## रामगढ़ महाविद्यालय के मुक्त विश्व विद्यालय अध्ययन केंद्र में प्रवेश प्रारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय रामगढ, नैनीताल में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र में शीतकालीन सत्र 2022 – 2023 के प्रवेश प्रारंभ किये जा चुके हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एचएस



नयाल ने बताया कि स्नातक एवं स्नात्कोत्तर स्तर पर सात विषयों अंग्रेजी, हिंदी, समाजशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं संस्कृत में प्रवेश प्रक्रिया जनवरी माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हो चुकी है जो आगामी 28 फरवरी तक जारी रहेगी। इच्छुक विद्यार्थी उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन इस केंद्र के लिए प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस अध्ययन केंद्र का समन्वयक प्रो. मनीषा तिवारी को बनाया गया है। इस अध्ययन केंद्र के खुल जाने से रामगढ क्षेत्र के उन विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जिनके अध्ययन में अधिक अन्तराल हो गया है या जो छात्र रोजगार में लगे होने के कारण उच्च शिक्षा संस्थागत रूप से प्राप्त करने में असमर्थ रहे हैं।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

काशीपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर रोड स्थित एससी गुड़िया लॉ कॉलेज, काशीपुर द्वारा विगत दिवस राजकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम हरलालपुर, पोस्ट महेशपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर लगाकर ग्रामवासियों को कानून की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विधि के छात्र आशीष जोशी ने मूल अधिकारों की जानकारी दी। इसी क्रम में लॉ कॉलेज के सहायक प्राध्यापक अविनाश पाण्डे ने उपभोक्ता अधिकारों सम्बन्धित कानूनों की जानकारी दी और यह बताया कि आप लोग किस प्रकार से अपने उपभोक्ता अधिकारों को प्रवर्तित करा सकते हैं और जिला फोरम, राज्य उपभोक्ता फोरम एवं राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के क्षेत्राधिकार आदि के बारे में जानकारी दी साथ ही खाद्य



सुरक्षा कानून से सम्बन्धित शिकायतों के समाधान हेतु प्रक्रियाओं का भी उल्लेख किया। कॉलेज के सहायक प्राध्यापक अवनीश कुमार पाण्डेय ने ग्रामवासियों को महिला अधिकारों के सम्बन्ध में कानूनी जानकारी दी। गांव के सम्भ्रांत वरिश्ठ नागरिक बलदेव राज शर्मा जी ने कार्यक्रम के सम्बन्ध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्ञानो देवी ने इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन विधि छात्रा रूमा यादव ने किया। कार्यक्रम में सहायक अध्यापिका बबिता देवी, सहायक अध्यापक गुरूपाल धीमान जी एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक तिलकराज शर्मा, सबीर कौर, आशा देवी, इकबाल, अलका रानी शर्मा, अजय शर्मा, इन्द्रपाल, इरफान, आकाश, ऋशिपाल सिंह (सिपाही) आदि भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाये दांव पेंच

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद मोहम्मद आलम के वालिद मरहूम हाजी छोटे पहलवान की याद में ग्राम मसीत में तीन दिवसीय दंगल का आयोजन कराया गया जिसमें अन्य प्रदेशों से आए लगभग आधा दर्जन पहलवानों ने अपना दमखम एवं विभिन्न तरह के दांव पेंच दिखाते हुए दंगल में हिस्सा लिया। तीन दिवसीय दंगल कार्यक्रम में कुल 6 शो किए गए दंगल में बसंत थापा नेपाली ने ब्लैक कोबरा राजस्थान को, बाबा लोदी के चेले अयोध्या ने भानू राजस्थान को , गूंगा पहलवान नेपाल ने बाबा अयोध्या को , सोहेब पहलवान घोसीपुरा ने चीता पहलवान राजस्थान को हराया स दंगल में रेफरी की भूमिका रामसेवक पहलवान बरेली वाले तथा सोहेल पहलवान ने अदा की। पूर्व सभासद मोहम्मद आलम ने बताया कि उनके द्वारा अपने वालिद मरहूम हाजी छोटे पहलवान की याद में ग्राम मसीत के मैदान में तीन दिवसीय दंगल करवाया उन्होंने कहा कि उनके वालिद भी कुश्ती एवं दंगल के कार्यक्रमों



में दिलचस्पी रखने वाले पहलवान रहे हैं ,जिनसे प्रेरणा लेकर तीन दिवसीय दंगल करवा कर क्षेत्र एवं दूर-दराज के पहलवानों को अपनी कला के प्रदर्शन का मौका दिया है। दंगल में नेपाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब ,राजस्थान से 20 से अधिक पहलवानों ने हिस्सा लिया स उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज की नई पीढ़ी कुश्ती दंगल जैसे अन्य कार्यक्रमों में रुचि नहीं रख रही है जिससे इस कला को जीवित रखने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि कुश्ती प्राचीन समय से राष्ट्रीय खेल के रूप में भारत के अलावा अन्य देशों में प्रचलित रही है खेलों में रुचि रखने वाले कभी नशे में लिप्त हो कर अपना जीवन बर्बाद नहीं करते उन्होंने सभी नौजवानों से अपने-अपने क्षेत्र में कुश्ती जैसे खेलो में शामिल होते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए खेलों में भाग लेने वाला कभी नशे में अपना जीवन बर्बाद नहीं करता अमूल्य जीवन को बर्बाद होने से बचाने के लिए हमें कुछ ना कुछ समय खेलकूद में लगाना चाहिए।इस मौके पर आयोजन समिति के आयोजन समिति के लईक अहमद प्रधान, शमीम अहमद प्रधान, शरीफ अहमद, जाहिद अली, मोहम्मद हसन बड़े भाई,नासिर हुसैन, राजकुमार खेड़ा, इरशाद हुसैन, तुफैल अहमद ,पंकज खेड़ा, पंकज खेड़ा,रईस अहमद, नवीन खेड़ा सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## बालिका दिवस पर गोष्ठी आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। आंगनवाड़ी केंद्र संजय नगर में राष्ट्रीय बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर की डॉक्टर रेखा द्वारा द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों को घटते लिंगानुपात के बारे में बताया गया एवं बेटियां किसी से कम नहीं है इसके महत्व को बताया गया। डॉ विकास सचान द्वारा प्रसव पूर्व लिंग जांच को असंवैधानिक एवं अमानवीय बताया गया। के एन जोशी द्वारा बताया गया कि यदि हम एक बालिका भ्रूण को हत्या करते हैं तो इसके



साथ ही हम एक दोस्त ,एक बेटी ,एक पत्नी, एक माँ आदि रिश्तो को भी खत्म करते हैं आज बेटियां सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रही है इसका ताजा उदाहरण हमारी महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी भी हैं जो की देश के सर्वोच्च शिखर मे पदासीन है। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय संजय नगर की प्रधानाचार्य श्रीमती आभा सुभषिनी, पूर्णिमा मंडल, आंगनवाड़ी कार्यकृति वंदना देवी ,अंजलि भक्तों एवं काफी संख्या में ग्रामीण एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे। कसर्यक्रम में कानन, शिखा, रेखा ,अनीता, मंजरी, रजनी, विशाखा, सुमन, पिंकी भक्त आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## गन्ना किसानों के बकाया भुगतान करने पर मंत्री सौरभ बहुगुणा का जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)।प्रदेश के गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात कर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किच्छा चीनी मिल के वर्तमान पेराई सत्र के गन्ना किसानों का पहली किस्त के रूप मे 7 करोड़ 51 लाख रुपये का भुगतान करने पर आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि किच्छा क्षेत्र की जीवनदायिनी चीनी मिल में वर्तमान पेराई सत्र में चीनी मिल द्वारा आज 23 जनवरी तक कुल 19 लाख 30 हजार कुंतल गन्ने की पेराई के साथ 1 लाख 88 हजार 8 सौ 80 कुंटल उच्च गुणवत्ता की चीनी का उत्पादन हुआ है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने 30 नवंबर 2022 तक के गन्ना किसानों के मूल्य का भुगतान 7 करोड़ 51 लाख रुपए की धनराशि का भुगतान किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रदेश के गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा से जल्दी ही दिसंबर तक का मूल्य गन्ना किसानों को भुगतान करने का निवेदन किया। पूर्व विधायक राजेश



शुक्ला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों की आय दुगुना करने की दिशा में किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को आर्थिक मजबूत करते हुए विभिन्न योजनाएं संचालित करने का काम कर रही हैं इसी क्रम में प्रदेश की धामी सरकार के गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा गन्ना किसानों का समय से गन्ना मूल्य भुगतान करना सार्थक निर्णय है। गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को आश्वस्त करते हुए कहा कि किच्छा चीनी मिल गन्ना किसानों का शेष दिसंबर तक का भी कुल भुगतान जल्दी ही कर दिया जाएगा, कहा कि एक सच्चे जनप्रतिनिधि के रूप में भाई राजेश शुक्ला हमेशा क्षेत्र के किसानों, मजदूरो की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहते है।

## जन्मभूमि हाईस्कूल में चाइल्ड हेल्प लाइन ने मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । कुमाऊं सेवा समिति चाइल्ड हेल्प लाइन ऊधम सिंह नगर द्वारा जन्मभूमि हाई स्कूल ट्रांजिट कैम्प में कक्षा 5 से 10 तक की बालिकाओं के साथ राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। जिसमे चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो ने बालिका दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि देश में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुआत पहली बार महिला बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2008 में की थी। राष्ट्रीय बालिका दिवस का मुख्य लक्ष्य यह है कि देश में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अहम दर्जा देना। उन्होंने कहा आज के समय लड़का लड़की के भेद-भाव की बड़ी समस्या है। जो कई क्षेत्रों में व्याप्त है। जैसे कानूनी अधिकार, शिक्षा में असमानता, सुरक्षा, चिकित्सीय देख-रेख, बाल विवाह आदि। इसी के साथ ही उन्होंने बाल सुरक्षा, बाल अधिकार, बाल शोषण, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में बताया गया।एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से कांस्टेबल रेखा टम्टा व प्रियंका कोरंगा ने गौरा शक्ति ऐप, नशा मुक्ति के सम्बन्ध में, साइबर क्राइम, मानव तस्करी व पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112 के बारे में बताया गया। साथ ही बच्चो के द्वारा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग व चाइल्ड लाइन के सवाल किए गए जिसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।इस दौरान चाइल्ड लाइन केंद्र




समन्वयक शायरा बानो, टीम मेंबर नंदनी वर्मा, अंशुल कपूर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से हेड कांस्टेबल नवीन गिरी, रेखा टम्टा, प्रियंका कोरंगा, ममता मेहरा स्कूल मेनेजर डा. सुमित रॉय, प्रधानाचार्य रसपाल, अध्यापक पूनम गंगवार आदि मौजूद रहे।

# झारखंड के बालक को मां से मिलाया

## मोबाईल का इस्तेमाल करने पर मां ने की थी पिटाई,ट्रेन से पहुंचा रूद्रपुर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर में मोबाईल का इस्तेमाल करने पर मां द्वारा की गई पिटाई से नाराज बालक झारखंड से घर से भाग कर रूद्रपुर आ पहुंचा। कुमाऊं सेवा समिति चाइल्डलाइन उधम सिंह नगर द्वारा ओमैक्स कालोनी में लावारिस अवस्था में घूमते मिले इस 10 वर्षीय बालक को बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार उसके परिजनों से मिलवाया गया। यह जानकारी देते हुए चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो ने बताया कि 20 जनवरी 2023 को रुद्रपुर सिडकुल चौकी पुलिस को ओमेक्स कॉलोनी में यह बालक घूमता हुआ मिला। बच्चे को बाल कल्याण समिति मेंबर पुष्पा पानू के आदेशानुसार चाइल्ड लाइन में आश्रय दिया गया। बाल कल्याण समिति मेंबर ने बच्चे द्वारा



बताए गए नंबर पर फोन कर बच्चे की मां से बात कर जानकारी ली। चाइल्ड लाइन टीम ने बच्चे से बात का उसके द्वारा अपना पता ग्राम महाराजपुर थाना तेलझाड़ी जिला साहेबगंज झारखंड बताया गया। उसने बताया कि मां के द्वारा ज्यादा देर फोन चलाने की वजह से उसे मारा गया था। जिस कारण वह नाराज होकर ट्रेन में बैठ कर रुद्रपुर आ गया। 21.1.2023 को चाइल्ड लाइन टीम ने बच्चे को समिति के समक्ष पेश किया। जहा समिति ने बच्चे की काउंसलिंग की। 20 से 23 जानकारी तक चाइल्ड लाइन टीम द्वारा लगातार संपर्क कर 23 जानकारी को बच्चा व उसकी मां को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। जहां समिति के द्वारा बच्चे व उसकी मां की काउंसलिंग कर समस्त दस्तावेजों का सत्यापन कर बच्चे को मां के सुपुर्द किया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रेम लता सिंह, सदस्य पुष्पा पानू, हरनीत कौर, विवेक तागरा, चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो, टीम मेम्बर नन्दनी वर्मा, अंशुल कपूर, इमरान अंसारी, अभिमन्यु आदि मौजूद रहे।


शीघ्र आवश्यकता है

SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम**, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

पता-7&8,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रूद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर

Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127

www.sampurnajeevan.com






वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान

9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties

Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


# नेताजी की प्रतिमा लगाने को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।स्वराज हिन्द फौज के संस्थापक एवं केन्द्रीय अध्यक्ष सुशील भट्ट के नेतृत्व में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती के अवसर पर नगर के मुख्य चौराहे पर नेताजी की बड़ी मूर्ति लगाये जाने सम्बन्धी 2 सूत्रीय मांगपत्र नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें नगर के किसी एक मुख्य चौराहे पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की एक बड़ी मूर्ति लगाने व नैनीताल रोड स्थित नगर निगम के किसी भी पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति लगाकर वहां नेताजी के साथ घटित ऐतिहासिक घटनाओं का कलात्मक चित्रण कर उस पार्क को विकसित करने की माँग की गई। सुशील भट्ट ने कहा कि भारत को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने के लिए ही नेताजी नें आजाद हिंद फौज का नेतृत्व किया था। जिसने अंग्रेजी सरकार की नींव को हिलाकर रख दिया था। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिंद और दिल्ली चलो जैसे ऐतिहासिक नारे नेताजी ने ही देश को दिये थे।नेताजी एक बहुत बड़े



कूटनीतिज्ञ भी थे। उनका मानना था कि अंग्रेजों के दुश्मनों से मिलकर ही आजादी हासिल की जा सकती है। जब द्वितीय विश्व शुरू हुआ तो वे कलकत्ता से काबुल के रास्ते जर्मनी पहुंचे, जर्मनी में उनकी मुलाकात हिटलर से हुई, जिसने उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसी कड़ी में उन्होंनें इटली और जर्मनी में कैद भारतीय युद्ध बंदियों को आजाद करवा कर एक मुक्ति सेना भी बनाई। नेताजी की आजाद हिंद फौज नें सन 1944 में ब्रिटिश सेना पर हमला कर कई भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त करा दिया था। 18 अगस्त सन 1945 को टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास एक हवाई दुर्घटना में उनका शव नहीं मिल पाने के कारण नेताजी की मौत का सही कारण हमें आज तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि हमें व्यक्तिगत स्वार्थ के बजाय सेवा-कार्यों के उद्देश्य से ही सामाजिक संगठनों का गठन करना चाहिए। पारस्परिक सहयोग और त्याग की भावना से ही कोई संगठन प्रगति की और अग्रसर हो सकता है। किसी भी संगठन व व्यक्ति की पहचान उसके सिद्धान्तों व नैतिक मूल्यों एवं आदर्शों के आधार पर होनी चाहिए लेकिन आज व्यक्ति की पहचान उसके धन व पद के आधार पर होती है, जो कि वर्तमान समाज की मनोदशा को दर्शाता है। इस अवसर पर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, पूर्व पालिकाध्यक्ष हेमन्त बगड़वाल, सुरेश चंद्र कपिल, आर्येन्द्र शर्मा, भाजपा नेता डॉ. जेड ए वारसी, दीपक सूठा, जुबेर रजा, मो. शाहरुख समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी उद्घोष ने भारतवर्ष को कराया आजाद: मिश्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। जनजीवन उत्थान समिति के तत्वाधान में सतेंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग में स्थित श्री जगदीश प्रेरणा भवन के हॉल में समिति के तत्वाधान में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय था भारत की आजादी में सुभाष चंद्र बोस का योगदान ,गोष्टी का शुभारंभ सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया ।इस मौके पर बोलते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में कटक उड़ीसा में हुआ था ।और उन्होंने अपने पूरे जीवन को भारत की आजादी के लिए अर्पित कर दिया ।1920 में उन्होंने सिविल सर्विस ज्वाइन की और बाद में इस्तीफा दे दिया ।जलियांवाला बाग कांड की घटना से वह बहुत ही बहुत आहत थे और उन्होंने अंग्रेजों को भारत से भगाने का प्रण लिया था उन्होंने कहां तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया और कई तरीकों की यातनाएं झेलने के बाद भी स्वतंत्रता संग्राम मैं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनके बलिदान और त्याग व समर्पण को पूरा देश भक्ति भाव से नतमस्तक है। भारतवर्ष का प्रत्येक नागरिक आज अपने गर्व महसूस कर रहा है कि सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को उनके त्याग मई जीवन को याद कर उनकी जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है विचार गोष्ठी में काफी लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा मिष्ठान वितरण किया गया और वहां मौजूद लोगों से सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों व उनके बताए हुए प्रेरणादायक रास्ते पर चलकर भारत को शीघ्र विश्वगुरु बनाने के सफर में अपना योगदान देने की बात कही इस मौके पर शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी,राम शर्मा, कर्तव्य मिश्रा,आसिफ अली ,जहांगीर आलम,अमरतपाल,रहीस अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

# भाई ने बहन को बनाया हवस का शिकार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में एक बार फिर पारिवारिक रिश्तों को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। एक युवक ने अपनी ही नाबालिक बहन से दुष्कर्म कर उसे अपनी हवस का शिकार बना लिया गया। मां की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की निवासी एक महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि वह 15 वर्ष पहले अपने पति से अलग हो गई थी। उस समय महिला के दो पुत्र व एक पुत्री थी। बड़े बेटे को उसका पति अपने साथ ले गया और अलग रहने लगा। जबकि पत्नी ने छोटे बेटे व बेटी को अपने साथ रखा और उनका पालन-पोषण किया। पुलिस ने बताया कि करीब 15 वर्ष बाद 19 वर्षीय आरोपी अपनी मां से मिलने के बहाने उनके घर पहुंचा। जहां वो अपने छोटे भाई व बहन से भी मिला। लेकिन बहन के प्रति उसके दिमाग में कुछ और ही था। इसके बाद वह बहन को पढ़ाने के बहाने अपने साथ पिता के घर ले आया। जहां उसने 13 वर्षीय नाबलिक बहन के साथ दुष्कर्म किया। बेटी से साथ हुए दुष्कर्म की खबर जब मां को लगी तो वह बेटी को लेकर कोतवाली पहुंच गई। जहां उसके आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। एसएसआई विजय मेहता ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# प्रभारी मंत्री 25 और 26 को अल्मोड़ा में

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि मंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा डा0 धन सिंह रावत इस जनपद के भ्रमण पर आ रहे है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री 25 जनवरी को प्रात: 9 बजे काठगोदाम से प्रस्थान कर 12:30 बजे बाड़ेछीना पहुँचकर राजकीय इण्टर कालेज बाड़ेछीना में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम एवं बहुउद्देशीय शिविर में प्रतिभाग करेंगे। सांय 3 बजे बाड़ेछीना से प्रस्थान कर 4 बजे तड़कोट पहुँचकर मोहन सिंह मेहरा, विधायक की भाभी के निधन पर शोकाकुल परिजनों से भेंट करेंगे। 5:30 बजे तड़कोट से प्रस्थान कर 7बजे आरतोला पहुँचकर कर रात्रि विश्राम आरतोला में करेंगे।उन्होंने बताया कि जनपद प्रभारी मंत्री 26 जनवरी, 2023 को प्रात: 08:15 बजे जागेश्वर धाम के दर्शन करेंगे। 9 बजे जागेश्वर से प्रस्थान कर 11बजे पुलिस लाईन अल्मोड़ा पहुँचकर गणतन्त्र दिवस समारोह मेंप्रतिभाग करेंगे।2:30 बजे अल्मोड़ा से काठगोदाम के लिए प्रस्थान करेंगे

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ के कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष पर वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने उनके



चित्र पर माल्यार्पण कर उनके देश के प्रति समर्पण और त्याग को याद किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपना समस्त जीवन देश के प्रति समर्पण कर दिया आज जो हम आजाद देश में रह रहे हैं आजादी को दिला दे में नेताजी की अहम भूमिका रही। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर अंग्रेजो के खिलाफ विरोध का जो बिगुल छेड़ा था उसी के दम पर हमें आजादी प्राप्त हुई थी उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा आज देश भक्ति का सूचक बन गया है, तथा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ऐसी सोच रखने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस को कोटि-कोटि नमन। इस मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने उन्हें याद किया और उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रण लिया और उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा मिष्ठान वितरण किया गया ।इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, विधायक प्रतिनिधि गौरव है, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, गुलशन सिंधी, नितिन शर्मा,धर्मेंद्र सिंधी,दानिश मलिक, ओमप्रकाश दुआ, जीवन जोशी, इंतजार अहमद, फजील खा,केवल हुड़िया दीप हँसपाल, आफक खान, मोहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# भगवती जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा स्थित चौरासी घंटा शिव मंदिर के पीछे कांग्रेस नेता राजू कोली के आवास के सामने विशाल भगवती जागरण आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग कर मां भगवती के जागरण में भजनों को सुना और आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा और पूर्व प्रधान विजय यादव ने ज्योति प्रज्वलित कर मां भगवती के जागरण को प्रारंभ किया। यहां पुरोहित द्वारा विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कराई गई और तत्पश्चात मां भगवती की ज्योति प्रज्वलित के पश्चात जागरण प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर जागरण आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधान विजय यादव सहित कांग्रेस नेता विजय गुप्ता, भाजपा नेता कांति कोली, राजेश कुमार, अनिल शर्मा आदि का शॉल ओढ़ाकर और फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। बबलू मस्ताना एंड पार्टी द्वारा सुंदर-सुंदर सजीव झांकियों और भजनों की सुंदर प्रस्तुति की गई जिस पर रात भर लोग झूमते नाचते नजर आए। इधर श्रीमती शर्मा विजय यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा भी देर रात्रि तक मां भगवती के जागरण में भजनों का रसपान किया गया। मां भगवती के जागरण में राजू कोली, शंकर कोली, रोहतास कोली, चंद्रसेन चंदा, राजकुमार कोली, गब्बर कोली, मुकेश कोली, प्रताप कोली, पूजा कोली, सरोज रानी सहित बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु गण उपस्थित थे।



# शहीद मेजर दुर्गामल्ल के नाम पर डाक टिकट का विमोचन

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को गढ़ी कैंट में उत्तराखण्ड राज्य नेपाली भाषा समिति, देहरादून द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहीद मेजर दुर्गामल्ल के नाम पर जारी डाक टिकट का विमोचन किया। इस किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि अमर शहीद मेजर दुर्गामल्ल की स्मृति में डाक टिकट विमोचन करना अपने आप में गौरव के क्षण हैं। उन्होंने कहा कि अल्प आयु में मेजर दुर्गामल्ल ने देश की रक्षा के लिए अपने सभी सुख, सुविधाओं को त्याग कर अग्रेंजों के विरूद्ध लड़ने का जिन्होंने विपरित परिस्थितियों में भी राष्ट्र प्रथम की भावना से अपने जीवन को जिया। मेजर दुर्गा मल्ल उन्हीं शहीदों में से एक रहे, जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय सेना का गौरव बढ़ाने के साथ-साथ भारत की महान गोरखा सैन्य परम्परा का भी मान बढ़ाया। इस अवसर पर सांसद माला राज्यलक्ष्मी



कार्यक्रम में शहीद मेजर दुर्गामल्ल के जीवन पर आधारित, देश प्रेम से ओतप्रोत नाटक का मंचन किया गया। साथ ही उनकी जीवनी पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई। राज्यपाल ने पार्क में स्थित शहीद दुर्गामल्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उन्होंने वीर नारियों को भी सम्मानित दृढ़ साहस दिखाया उसे हमेशा याद किया जायेगा। राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित उनका जीवन शौर्य, वीरता, साहस का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व अमर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के कारण हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमें उन महान सेनानियों को सदैव याद करना चाहिए, शाह, विधायक विनोद चमोली, उत्तराखण्ड राज्य नेपाली भाषा समिति के अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, अध्यक्ष गौर्खाली सुधार सभा पी एस थापा, ले.ज (रि.) शक्ति गुरुंग, जीओसी सबएरिया मेजर जनरल संजीव खत्री सहित समिति के अन्य पदाधिकारी और कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कड़ी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को सहस्त्रधारा रोड़ स्थित हिम ज्योति स्कूल, देहरादून में पेंटिंग प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के अतंर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया। राज्यपाल ने स्कूल में नवनिर्मित स्टीम लैब का भी शुभारंभ किया।कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की बेटियां बेहद प्रतिभावान हैं। भविष्य में बेटियों को अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाना होगा। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे असीमित सपने देखें और उन्हें अपनी मेहनत के बल पर प्राप्त करें। कड़ी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है। किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम और अनुशासन बेहद जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि पेंटिंग के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को जानने, अपनी संस्कृति पर गर्व, भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षा, मेरा जीवन मेरा स्वास्थ्य जैसी विषयवस्तु रखी गई हैं, जो ज्ञानवर्धक के साथ-साथ बच्चों के लिए प्रेरणादायी भी है। इसके लिए उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की प्रशंसा प्रयासों की सराहना की और कहा कि आने वाले समय में यह बच्चियां देश एवं प्रदेश में उत्तराखण्ड का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन ने इस कार्यक्रम की



की। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने अपने कौशल और विचारों के माध्यम से इन सभी विषयों को बेहद आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया है। राज्यपाल ने हिम ज्योति फाउंडेशन द्वारा संसाधन विहिन बच्चियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी, हिम ज्योति स्कूल के ट्रस्टी हेमंत अरोड़ा, प्रधानाचार्य रूमा मल्होत्रा सहित विद्यालय की छात्राएं और उनके अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# बंगाली समाज की विभूतियों को किया सम्मानित

## नेताजी के जीवन से युवाओं को सीखने की आवश्यकता : शिव आरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।युवाओं के प्रेरणास्रोत आजाद हिंद फौज के संस्थापक ओर देश मे आजादी के प्रति करोड़ो युवाओं में अलख जगाने वाले जननायक सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर केवलगंज के नेताजी सुभाष चन्द्र उत्साहवर्धन के लिये उनको समानित किया। विधायक ने कहा सुभाष चन्द्र बोस देश की आजादी में अग्रणी रहे देश का युवा आज भी उनके पराक्रम को याद करता है तो उसका सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है उनका बलिदान कभी बैडमिंटन नेशनल चेम्पियन प्रेमा विश्वास को विधायक द्वारा शॉल ओढ़ाकर समान्नित किया गया। विधायक शिव अरोरा ने कहा 23 जनवरी का दिन हमारे ह्रदय में सदैव स्मरण रहता है नेताजी की प्रेरणा से आज हम की आवश्यकता है। इस दौरान काशीपुर जिला अध्यक्ष गुजन सुखीजा, विजय मण्डल, जिला महामंत्री अमित नारंग, मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट , जगदीश विश्वास, ओमियो विश्वास, अशोक चावला,





स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे विधायक शिव अरोरा ने नेताजी के मूर्ति के समक्ष माल्यार्पण कर उनके देश की आजादी में महान बलिदान को याद किया । विधायक शिव अरोरा ने सांकृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की और उसके लिये बच्चो के भुलाया नही जा सकता ,वह आजाद भारत के नायक रहे है। वही बसंतीपुर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पहुँचे विधायक शिव अरोरा जे बंगाली समाज की विभूतियों को समानित किया गया जिसमें अर्जुन अवाडी मनोज सरकार को स्मृति चिन्ह किया और पैरा आज भारत मे एक मजबूत लोकतंत्र के नीचे ईमानदारी से जनता सेवा करने का प्रयास कर रहे हैं । विधायक ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर अपने भाषणों में सुभाष चन्द्र बोस का जिक्र करना नही भूलते । आज की युवा पीढ़ी को नेताजी के जीवन से सीखने उपकार सिंह, अरुण खुराना, हरपाल सिंह, राकेश बाला, आयुष चिल्लाना, सुब्रत विश्वास, अनिल उपाध्यय, मनमोहन वाधवा,उत्तम मण्डल, प्रदीप मण्डल, गोकुल मण्डल, सुमित साना, देव मण्डल, विषजीत रॉय, कौशल विश्वास, अमिता विश्वास व अन्य लोग मौजूद रहें।

# दानपुर में विद्युत समस्या समाधान शिविर आयोजित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विद्युत वितरण खण्ड रुद्रपुर की ओर से दानपुर में विद्युत समाधान शिविर का आयोजित किया गया। शिविर का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा द्वारा किया गया । शिविर में विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक शिव अरोरा ने रखते हुए किया गया यह एक सराहनीय पहल है जिसके माध्यम से जनता को विभागों के चक्कर लगाने नही पड़ेंगे और विभाग के अधिकारियों द्वारा हर गाँव गाँव ऐसे शिविर लगाकर जनता की विद्युत सम्बंधित समस्या के समाधान का होना आसान हो जायेगा।



विद्युत कनेक्शन, आधुनिक केबल का अभाव ,पोल की कमी और बिजली कटौती जैसे विषय सामने आने पर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये। विधायक अरोरा ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरलीकरण समाधान एवं निस्तारण की इस पहल पर शिविर का आयोजन हुआ जो जनता की समस्याओं को ध्यान में शिविर ने भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, एस डी ओ प्रकाश चंद्र सहा, अवर अभियंता सुभाष शर्मा एवं चांद मोहम्मद ,मनोज जोशी, टी पी गोयल, ग्राम प्रधान पूजा मंदीप वर्मा, नरेश चंद्र दत्ता, राजन कनवाल, रेवा धर जोशी, महेश, सरवन पाण्डे, मोहन बिस्ठ रघुवीर सिंह बिष्ट, रतन लाल शाह, महावीर पासवान व अन्य लोग मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई सुभाष जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नव जागृति क्लब सोसायटी के तत्वाधान में गत दिवस ट्रांजिट कैंप स्थित नेताजी सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विशिष्ठ अतिथि बंगाली कल्याण समिति प्रदेश अध्यक्ष चंद्र शेखर गांगुली,भाजपा नेता उत्तम दत्ता, अति विशिष्ठ अतिथि नंद बल्लभ जोशी, का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नेताजी ने युवाओं के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत की। जिसकी बदौलत आजाद हिन्द फौज का गठन हो सका



की 126 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, अध्यक्ष खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, सीपी शर्मा,मीना शर्मा, बाबू मजूमघ्दार, मोहन खेड़ा व उपेन्द्र गिरि ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात कार्यक्रम और देश अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को नेताजी के आदर्शो से प्रेरणा लेकर स्वयं को देश सेवा के प्रति समर्पित करना होगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीतों में नृत्य प्रस्तुत कर सभी लोगों को मन मोहित किया। सोसायटी अध्यक्ष तरुण दत्ता व अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर दिलीप अधिकारी, सुरजीत शर्मा, कृष्ण पद सरकार,तुलसी साहा, मनोज राय, सुकुमार अधिकारी, केलाश राठौर, रामाधारी गंगवार, सुमित राय, नंद शेखर गांगुली, अर्जुन विश्वास, रोबिन विश्वास, शुभम दास, दिनेश तोमर, हरिदास, रतन मण्डल, अजय चौहान, मानस बैरागी, अमित विश्वास, राज चक्रवर्ती, दीपक कीर्तनिया,दीप प्रकाश, अंगद कुमार, विश्वजीत मंडल, मिलन कुमार, मधु राय, बेबी सिकदार, मोनिका मण्डल, अशोक सागर, राकेश सिंह आदि मौजूद थे।

# नेहरू युवा केंद्र ने धूमधाम से मनाई सुभाष चंद्र बोस जयंती

गदरपुर(उद संवाददाता)। नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर के जिला युवा अधिकारी रविंद्र सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के उपलक्ष्य में गदरपुर स्थित नवयुग विद्या मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अंजू सती द्वारा नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मैनेजर



कार्तिक भट्ट द्वारा नेताजी के विचारों पर प्रकाश डाला गया । कल्पना चावला यूथ क्लब अध्यक्ष सुश्री तनीषा चावला द्वारा विद्यालय के बच्चों को नेताजी की जीवनी, विचारधारा व उनकी विरासत के बारे में बताया गया। युवा क्लब अध्यक्ष तनीषा चावला द्वारा विद्यालय में ज्ञान प्रतियोगिता व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाध्यापिका द्वारा पुरस्कृत किया गया व प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिका मेहनाज, उपासना तथा सोहेब, सलमा, रुबीना, धीरज, पियूष, कादिर, तनवी,सोबिया, इरम आदि तमाम बच्चे मौजूद रहे।

# रुद्रपुर तथा काशीपुर में क्रॉस कंट्री रेस 25 व 26 जनवरी को

काशीपुर(उद संवाददाता)।25 जनवरी को मतदाता दिवस तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर खेल निदेशालय के तत्वावधान में जनपद स्तरीय क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह जानकारी देते हुए प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि 25 जनवरी को श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में प्रातः 11:00 ओपन महिला पुरुष 18 वर्ष की आयु से अधिक के खिलाड़ियों के लिए क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर में जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के तथा ओपन महिला पुरुष 18 वर्ष से अधिक वर्ग आयु के खिलाड़ियों के लिए क्रॉस कंट्री रेस आयोजन तय पाया गया है। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश निशुल्क है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिभागियों में भाग लेने के लिए आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक होगा इसके अलावा समय से पूर्व उन्हें आयोजन स्थल पर उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए किसी प्रकार का भत्ता अथवा कोई भी देय मान्य नहीं है।

# उत्तरायणी मेले में बिखरी पारम्परिक संस्कृतियों की छटा

## डीएम अनुराधा पाल ने जौनसारी सँस्कृति के परिधान पहनकर जीता सबका दिल

बागेश्वर (उद संवाददाता)। उत्तरायणी मेला अपने समापन की ओर है। वहीं उत्तरायणी मेले में उत्तराखंड की अनेक पारम्परिक सँस्कृतियो का भी समावेश हुआ। मेले में हेलीकाप्टर सेवा और कुश्ती दंगल से मेले को चार चांद लग गए। वही मेले में अंतिम जागरण की रात्रि में बागेश्वर डीएम अनुराधा पाल द्वारा अपनी जन्मभूमि की जौनसारी सँस्कृति के परिवेश में आना लोगों के लिए आकर्षण बना। पहली बार लोगों ने किसी जिलाधिकारी को आम महिला के रूप में साधारण बनकर आमजनता के इतने करीब देखा। उनके द्वारा पारंपरिक जौनसारी वेशभूषा में कार्यक्रम मंच पर पहुंचकर पारंपरिक वेशभूषा में मंच में आना लोगों को हतप्रभ कर गया।जैसे ही लोगों को डीएम अनुराधा पाल का इस तरह लोगों को आम महिला की तरह अपनी सँस्कृति अपनी पहचान के प्रति आकर्षित करना लोगों में चर्चा का केंद्र विंदु बना। लोग डीएम के इस साधारण प्रवर्ति से प्रभावित होते नजर आए। वही सोशल मीडिया में भी डीएम की लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।लोगों द्वारा डीएम और पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल के संयुक्त प्रयासों से मेले को एतिहासिक बनाने में दिए गए सहयोग की भी प्रशंसा की जा रही है। लोगों ने जिस तरह पहली बार जिले की मुखिया को मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन में समय देकर प्रतिभागियों के मनोबल बढ़ाया। वही मेले में अंतिम जागरण की रात में जौनसारी सँस्कृति के परिधान में आमलोगों के बीच डीएम की मौजूदगी की भी लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।जगह जगह लोगों द्वारा कहना था कि पहली बार किसी जिलाधिकारी को मेलेसहित कभी भी जनसंवाद के दौरान आमजनता के बीच करीबी देखा गया है।लोगों ने उनकी इस कार्यशैली की प्रशंसा की है। वही डीएम अनुराधा पाल ने बताया कि अपनी सँस्कृति परम्परा के बीच सँस्कृति के उत्थान के लिए कार्य हो ऐसा सभी लोगों द्वारा प्रयास करने किया जाना चाहिए।ओल्ड ईज गोल्ड में समभाव।भाईचारे। और एक दूसरे की सँस्कृति के सम्मान की भावना को पुनर्जीवित करना चाहिए। हम सभी को आधुनिकता के दौर में समाज से अच्छाइयों को ग्रहण करना चाहिए। वही मेले के माध्यम से सँस्कृतियो के मिलन से समाज को एक दूसरे की सभ्यताओं को सीखने समझने का मौका मिलता है। वही पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने मेले के भव्य आयोजन के लिए मेला समिति को भरपूर सहयोग देने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का आभार जताया। अंतिम जागरण की रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा, कपकोट नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट,मेलाधिकारी, उपजिलाधिकारी हरगिरि, तहसीलदार दीपिका आर्या, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, कोतवाल केलाश नेगी, इंस्पेक्टर राजेन्द्र रावत, यातायात प्रभारी जगदीश सिंह ढ़करियाल सहित सैकड़ों दर्शक आदि मौजूद थे।





# समाज सेवा में समर्पित की एम्बुलेंस

## सेवा दिवस के रूप ने मनाया बालासाहेब ठाकरे व सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिवसैनिकों ने प्रदेश उपप्रमुख रूपेन्द्र नागर व कुमाऊं मंडल प्रमुख हेमंत कुमार के नेतृत्व में रेलवे बाजार स्थित कुमाऊ मंडल कार्यालय पर बालासाहेब ठाकरे और नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाते हुए शहरवासियो को खीर का प्रसाद वितरण किया। साथ ही गरीब और असहाय लोगो के लिए 5 किलोमीटर तक एंबुलेंस मुफ्त सेवा हेतू समाज को समर्पित की। एंबुलेंस को हरि झंडी दिखाकर आईजी पुलिस निलेश आनंद भरणे, फॉरेंसिक एक्सपर्ट कुमाऊं डॉक्टर दयाल, डॉ. रेनू शर्मा, व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा, सीएमओ डा. रश्मि द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को समाज के लिए समर्पित कर रवाना किया गया। आए हुए अतिथियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं बालासाहेब ठाकरे जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनो क्रांतिकारियों ने समाज के और देश के लिए अपना भरपूर योगदान दिया। जिसे हमेशा याद करते हुए उनके बताएं हुए मार्गो पर आज के युवाओं को चलाना चाहिए। प्रदेश उपप्रमुख रूपेन्द्र नागर ने कहा कि शिव सैनिकों ने बाला साहब ठाकरे जी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जन्मदिन को मानते हुए हमेशा समाज, गरीब और असहाय की मदद के लिए शिव सैनिकों को तत्पर रहने के लिए कहा। कार्यक्रम में प्रदेश उपप्रमुख रूपेन्द्र नागर, कुमाऊँ मंडल प्रमुख हेमंत कुमार, जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रमोद आर्य, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, कालाढूंगी विधानसभा प्रभारी मुकेश जोशी ब्लॉक प्रमुख सूरज आर्य, लालकुआं विधानसभा प्रभारी चंदन राणा, कुमाऊं मंडल सचिव पदम पाल, सरजू प्रसाद पांडे, जिला कोषाध्यक्ष राजू गुप्ता, जिला संगठन मंत्री अशोक सिंधी, पूरन सागर, राधा कृष्ण गुप्ता, संजय चौहान, व्यापारी नेता लाला जायसवाल, हर्षवर्धन पांडे, पार्षद मनोज जोशी, हेमंत शर्मा मोना, गोविंद, विवेक शर्मा पंडित, दीपक पांडे, नीरज नैनवाल, चिराग सहित अन्य शिव सैनिक मौजूद थे।




# वृंदावन गमन एवं गोचरण लीला की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुगध

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में 44 वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस की बेला में कथा करते हुए कथावाचक स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज ने नंदोत्सव, भगवान के नामकरण, दधिमंथन लीला, वेणु वादन लीला, दामोदर लीला, बंसी वादन, वृंदावन गमन एवं गोचरण लीला की कथा सुनाई। कथा की मुख्य यजमान व वार्ड नंबर 10 की सभासद श्रीमति लीना संजीव झाम द्वारा सपरिवार पूजा की गई एवं प्रसाद की सेवा भी उन्हीं के परिवार द्वारा दी गई। कथा के बीच में भजनों की प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।




# शास्त्री नगर में भागवत कथा का शुभारंभ

## श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से मिलती है मोक्ष की प्राप्तिः चुघ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। समाज में हर व्यक्ति को श्रीमद् भागवत कथा का जीवन में श्रवण अवश्य करना चाहिए। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने ट्रांजिट कैंप स्थित शास्त्रीनगर वार्ड 12 में गुरु गोरखनाथ जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जन सहयोग से आयोजित श्रीमद भागवत कथा का धार्मिक अनुष्ठानों के बीच फीता काटकर शुभारंभ करने के पश्चात व्यास पीठ महंत आशोक नाथ से आर्शीवाद लेकर अपने संबोधन में कहीं। इससे पूर्व 21 सुहागिन महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन के साथ क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो अनेक मार्गों पर से होकर गुजरती हुई आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद समाप्त हुई। तत्पश्चात पूजा अर्चना के साथ कलश स्थापित किए गए। श्री चुघ ने कहा कि हम सभी को भागवत कथा सुनने के साथ ही इसके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना भी चाहिए। तभी ईश्वर द्वारा प्रदत्त इस मानव देह का उद्देश्य सार्थक हो सकेगा। श्री चुघ ने कहा कि जिस स्थान पर श्रीमद भागवत कथा होती है आस पास का सभी क्षेत्र पवित्र हो जाता है और यहां निवास करने वाले सभी परिवारों का कल्याण होता है। उन्होंने कहा यह सबका सौभाग्य है कि यहां श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने का अवसर मिला। इससे पूर्व श्री चुघ का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों द्वारा उनका स्वागत किया गया। श्रीमद भागवत कथा का 23 जनवरी से प्रारंभ होकर आगामी 30 जनवरी को समापन होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक तथा रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक की जायेगी।30 जनवरी को प्रातः भंडारा किया जायेगा। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी जनता से प्रतिदिन श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने सपरिवार पधारने की अपील की है। इस मौके पर महेंद्री शर्मा, माया श्रीवास्तव, रोशनलाल श्रीवास्तव, अमित गौड़, दीपक राणा, सोमपाल कोली, शिव कुमार, धीरज चौहान, रमेश पाल, जोगेंद्र सिंह चौहान, मुकेश चौहान, ओमकार राठौर, सेठजी, रचना श्रीवास्तव, जानकी प्रसाद पाल, सोहन लाल गंगवार, विनू सिंह, मोहनलाल श्रीवास्तव, गौरी श्रीवास्तव, जसोदा श्रीवास्तव, पुष्पा राजपूत व नरवेसा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।




# अवैध टैक्सी स्टैण्ड के खिलाफ पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पुलिस के फेसबुक पेज से लाइव के माध्यम से मिली एक शिकायत पर पुलिस ने अवैध टेक्सी स्टेंड के विरुद्ध चौकिंग अभियान चलाकर अनेक वाहनों का चलन किया। जानकारी के अनुसार फेसबुक लाईव के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा डीएम कैम्प ऑफिस के सामने पैट्रोल पम्प के बाहर अवैध टैक्सी स्टेण्डके साथ ही शहर में कई अवैध टैक्सी स्टैण्ड चलाने वाले के



विरूद्ध कार्यवाही किए जाने हेतु सुझाव दिये गये। एस एस पी की निर्देश पर राकेश महरा प्रभारी निरीक्षक नैनीताल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये डीएम कैम्प ऑफिस के सामने पैट्रोल पम्प के बाहर खड़े वाहनों के एमवी एक्ट के अन्तर्गत कुल सात चालान किए गए तथा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने हेतु प्रेम टॉकेज एवं गोलचा कंपाउंड में चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों में चालक ना मिलने पर चस्पा चालान की कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि किसी भी वाहन चालक के द्वारा उक्त स्थानो पर अनावश्यक रूप से वाहन पार्क करने पर उनके विरूद्ध तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नागरिक सुरक्षा और आपराधिक गतिविधियां

नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल को अधिक सक्षम, सतर्क और सुलभ बनाने पर जोर दिया जाता रहा है।बदलती जरूरतों के मुताबिक उसे नए संसाधनों से सुसज्जित भी किया जाता है। इस बात को एक बार फिर प्रधानमंत्री ने भी पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन में रेखांकित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य पुलिस बल और केंद्रीय एजंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम किया जाना चाहिए।प्रौद्योगिकी संसाधन अपनाने के साथ-साथ पैदल गश्त जैसी पारंपरिक प्रणाली को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यह सुझाव ऐसे समय आया है, जब आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसना बड़ी चुनौती मानी जा रही है। हर साल अपराध के आंकड़े कुछ बढ़े हुए दर्ज होते हैं। हालांकि महिलाओं, बच्चों आदि के खिलाफ होने वाले अपराधों से संबंधित दंडात्मक प्रावधान कड़े किए गए हैं, पर उनका अपेक्षित असर नजर नहीं आ रहा। आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग होने लगा है, जिससे अपराध करने वालों की धर-पकड़ में तेजी आई है, मगर अपराध की दर फिर भी नहीं घट रही, तो इसे लेकर चिंता स्वाभाविक है। सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर राज्यों की पुलिस और केंद्रीय बलों को तकनीकी रूप से परस्पर जोड़ने पर सहमति बहुत पहले बन गई थी, मगर अपराधियों, उपद्रवियों और अलगाववादी ताकतों के अंतरराज्यीय संजाल को तोड़ने में अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही है। दरअसल पुलिस आंतरिक सुरक्षा का बुनियादी ढांचा होती है। दूसरी सुरक्षा एजंसियों की अपेक्षा स्थानीय स्तर पर पुलिस की सक्रियता अधिक होती है, उसे हर गतिविधि का सूत्र पता होता है। ऐसे में अपेक्षा की जाती है कि अगर वह केंद्रीय बलों और दूसरे सुरक्षा बलों के साथ सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान करे, तो सीमा पार से या अंतरराज्यीय संजाल के तहत चलने वाली आपराधिक गतिविधियों को रोकने में बहुत आसानी होगी।खासकर माओवादी और पूर्वोत्तर के अलगाववादी संगठनों की सजिशों को अंजाम देने से पहले ही खत्म किया जा सकता है। इस दिशा में काफी कुछ काम भी हुआ है, मगर अब भी पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजंसियों के बीच संतोषजनक तालमेल नहीं दिखाई देता। इसकी एक वजह तो यह है कि कानून-व्यवस्था चूंकि राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र का विषय है, इसलिए वे केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ तालमेल बिठाने से कतराती हैं। इस तरह आतंकवाद, अलगाववाद से प्रभावित इलाकों में नजर रखने और तस्करी, हथियारों की आपूर्ति जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में कई तरह की दिक्कतें पेश आती हैं। मगर सबसे अधिक आलोचना स्थानीय स्तर पर आपराधिक गतिविधियों को रोकने में पुलिस के कामकाज के तरीके को लेकर होती रही है। इसमें सुधार के लिए पुलिस सुधार संबंधी कई सिफारिशें आईं, मगर राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में उन पर अमल नहीं हो सका। यह भी छिपा तथ्य नहीं है कि सरकारें पुलिस का इस्तेमाल अपने पक्ष में करती हैं। इसलिए भी कई आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ उचित सख्ती नहीं बरती जा पाती। फिर पुलिस का आम लोगों के साथ रिश्ता प्राय: मधुर नहीं देखा जाता, वह आम लोगों से दूरी बना कर और भय पैदा करके ही काम करना अधिक पसंद करती है। इसकी वजह से भी आम लोगों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता और कई सूचनाएं दबी रह जाती हैं। पुलिस तंत्र को वास्तव में मजबूत बनाना है, तो सबसे पहले पुलिस सुधार संबंधी सिफारिशों को लागू करने और फिर संसाधनों और रणनीति के स्तर पर उसमें बदलाव का प्रयास होना चाहिए।

# बहुद्देशीय शिविर में 57 समस्याएं दर्ज

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। विकासखण्ड ताड़ीखेत के सुदूरवर्ती क्षेत्र के राजकीय इण्टर कालेज जैना में क्षेत्रीय विधायक डा0 प्रमोद नैनवाल की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 57 समस्यायें दर्ज की गयी। जिनमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण मौके पर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के सम्मुख किया गया। इस दौरान विधायक ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनके विभाग से सम्बन्धित जो शिकायतें इस शिविर में लोगों द्वारा दर्ज करायी गयी है उन शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण एक स्थान पर हो इसलिए इस शिविर को आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए लगभग 100 करोड रू0 की योजना शासन से स्वीकृत करायी गयी है जिससे क्षेत्र में पेयजल की समस्या का समाधान हो सके।इस शिविर में अधिकांश शिकायतें पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, बाल विकास, समाज कल्याण, पूर्ति विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों की शिकायतें लोगों द्वारा दर्ज करायी गयी। इस दौरान विधायक द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा 09 लोगों को लाठी, कान की मशीन, व्हील




चीयर, बैशाखी का वितरण किया, वही उद्यान विभाग द्वारा 450 से अधिक लोगों को प्लम के पौधों का वितरण विधायक द्वारा किया गया।इस शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा 07 वृद्वावस्था के आवेदन पत्र, 15 यू0डी0आई0डी0 कार्ड, 10 पेंशन सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण, राजस्व विभाग द्वारा 18 विकंलाग प्रमाण पत्र, 02 आय, 03 जाति व 01 चरित्र प्रमाण पत्र बनाये गये। शिविर में 02 आधार कार्ड बनाये गये तथा 07 आधार कार्ड संशोधित किये गये। पूर्ति विभाग द्वारा 09 लोगों द्वारा राशन कार्ड में यूनिट चढाने हेतु आवेदन किये गये। बाल विकास विभाग द्वारा 06 फार्म नन्दागौरा योजना के जमा किये गये। कृषि विभाग द्वारा 10 पी0एम0 किसान योजना के पंजीकरण किये गये। 27 कृषकों का कृषि सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 75 मरीजों का उपचार व नि:शुल्क दवायें वितरित की गयी। पर्यटन विभाग द्वारा 05 होमस्टे फार्म, 04 वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली योजना व 20 व्यक्तियों को इस योजना की जानकारी दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह द्वारा दर्ज सभी शिकायतों को विभागीय अधिकारियों के सम्मुख रखते हुए उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो समस्यायें इस शिविर में दर्ज की गयी है उनका निराकरण करते हुए सम्बन्धित शिकायतकर्ता को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जय किशन, मण्डल अध्यक्ष मुकेश पाण्डे, तहसीलदार मनीषा मारकना, प्रधान ग्राम पंचायत गुम्टा नीमा आर्या, क्षेत्र पंचायत सदस्य विमला देवी, प्रधान स्यो हेमा नेगी, पूर्व प्रधान कमलेश कुमार, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष आनन्द प्रधान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश आर्या, जीवन चन्द्र प्रधान, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रानीखेत गिरीश भगत सहित अन्य विभागों के अधिकारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व जनता उपस्थित थी। इस कार्यक्रम का संचालन सहायक अभियन्ता जिला विकास प्राधिकरण मुकुल सती ने किया।

# उत्तराखण्ड की जैव विविधता हमारे लिए वरदान: राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। सोमवार को आईएफएस एसोसिएशन उत्तराखण्ड के वार्षिक अधिवेशन के समापन सत्र में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग किया।राजभवन ऑडिटोरियम में आयोजित इस सत्र में राज्यपाल ने भारतीय वन सेवा के अधिकारियों से वन एवं इसके उत्पादों को आर्थिक गतिविधियों के साथ जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में 70% से अधिक वन क्षेत्र हैं। इस अमूल्य वन संपदा को हमें प्रदेश की समृद्धि के लिए इस्तेमाल करना होगा। उत्तराखण्ड की जैव विविधता हमारे लिए वरदान के रूप में है इसका सही इस्तेमाल किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि वनों के माध्यम से लोगों की आजीविका को जोड़ने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में वनाग्नि की घटनाओं



को रोकने के लिए आमजन के सहयोग के साथ-साथ अन्य देशों में इसकी रोकथाम किये जाने के साथ नवीन तकनीकों का उपयोग किया जाए। उन्होंने मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने, जंगली जानवरों द्वारा फसलों की क्षति को कम किये जाने सहित अन्य चुनौतियों के लिए भी अधिकारियों को स्थायी समाधान खोजने को कहा। उन्होंने कहा कि वन आधारित पर्यटन गतिविधियों को संतुलित रूप से और अधिक बढ़ावा दिये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के सम्मुख कई चुनौतियां हैं और इन चुनौतियों के समाधान वन सेवा अधिकारियों को खोजने होंगे। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि इस अधिवेशन से राज्य की वन एवं पर्यावरण से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान अवश्य मिलेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख वन संरक्षक श्री विनोद कुमार सिंघल ने तीन दिवसीय अधिवेशन की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। इस अवसर पर प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव डॉ. समीर सिन्हा, प्रमुख वन संरक्षक वन पंचायत सुश्री ज्योत्सना शिथलिंग, आईएफएस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कपिल लाल सहित भारतीय वन सेवा संघ के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# देशभक्ति के नारों और तरानों से गूंजा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कैंपस

मुरादाबाद (उद संवाददाता)।नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का कैंपस देशभक्ति के नारों और तरानों से गूंज उठा। नेता जी का भावपूर्ण स्मरण करते हुए यूनिवर्सिटी के 6,300 से अधिक स्टुडेंट्स ने पांच किलोमीटर लम्बी मानव श्रृंखला बनाई। हाथों में हाथ थामे यूनिवर्सिटी के एक दर्जन से अधिक कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने न केवल एकता का संदेश दिया, बल्कि उनके लबों पर भारत माता की जय... के नारे थे। कैंपस में... ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी..., कर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों... सरीखे तरानों से डीआईजी शलभ माथुर बतौर मुख्य अतिथि, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन बतौर अध्यक्ष के संग-संग कैंपस की मुख्य सड़क के दोनों ओर कतारबद्ध हजारों-हजार छात्र-छात्राओं की आंखें नम हो गईं। नेता जी की जयंती के संग-संग सड़क सुरक्षा के नियमों को सख्ती से जीवन में क्रियान्वित करने के लिए भी शपथ दिलाई गई। इसके तुरंत बाद मुख्य अतिथि और कुलाधिपति ने गोल्फ कार्ट के जरिए पांच किमी लम्बी मानव श्रृंखला का मुआयना किया। बेहद अनुशासित मानव श्रृंखला के निरीक्षण के बाद मुख्य अतिथि ने इसे अविस्मरणीय बताया। समारोह का संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया। इस मौके पर छात्र नितिन झा और छात्रा कनक ने भी अपना दर्द और अनुभवों



को साझा किया। उल्लेखनीय है, छात्र नितिन ने 2018 में अपने भाई को सड़क हादसे में गवां दिया था। अंत में राष्ट्रगान भी हुआ। समारोह में ड्रोन की मौजूदगी भी आकर्षण का केन्द्र रही। सारगर्भित एवं संक्षिप्त संबोधन में मुख्य अतिथि शलभ माथुर ने कहा, जीवन में स्व अनुशासन और स्व नियंत्रण बेहद अनिवार्य है। ये दोनों नियम सड़क सुरक्षा के वक्त भी हर किसी पर लागू होते हैं। खघस तौर पर ड्राइविंग करते वक्त अनुशासित और नियंत्रित होना जरूरी है। श्री माथुर बोले, यूनिवर्सिटी का यह अनूठा आयोजन कुलाधिपति सुरेश जैन की विराट सोच को दर्शाने वाला है। स्टुडेंट्स का अनुशासन, शिक्षकों का समन्वय और समूचे विश्वविद्यालय की एकरूपता ने निश्चित तौर पर इस आयोजन को अनूठा बना दिया है। हम आशा करते हैं कि टीएमयू सतत इसी सोच के साथ अपनी उत्कृष्ट शैक्षिक गुणवत्ता के माध्यम से प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। राष्ट्र के निर्माण में अपना महती योगदान सदैव की तरह देता रहेगा। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने नेता जी के बहुचर्चित नारे- तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का सभी को स्मरण कराया। बोले, सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर गांव-गांव देश की आजादी के लिए अपनी जान की आहूति देने वालों के प्रति तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी परिवार की ओर से पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। नमन करते हैं। टीएमयू परिवार उनके प्रति नतमस्तक है। शान और गौरव के प्रतीक भारत माता की जय का नारा कैंपस में बार-बार गूंजता रहा। एनएसएस की ओर से आयोजित इस समारोह में श्री अभिषेक कपूर, डॉ. अजय पंत, प्रो. हरबंश दीक्षित, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. मंजुला जैन, प्रो. एसके जैन, प्रो. वीके सिंह, प्रो. विपिन जैन, प्रो. अनुराग वर्मा, प्रो. नवनीत कुमार, प्रो. एसके सिंह, प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, प्रो. शिवानी एम कौल, प्रो. निखिल रस्तोगी, प्रो. मनीष गोयल, प्रो. एनके सिंह, डॉ. ज्योति पुरी, डॉ. अलका अग्रवाल, नीरज मित्तल, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. विनोद जैन, प्रो. श्याम सुंदर भाटिया आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही।

# 25 गोल्ड मेडल के साथ बागेश्वर के खिलाड़ी राज्य में प्रथम रहे

बागेश्वर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बागेश्वर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जिले के खिलाड़ियों ने अन्य जिलों के प्रतिभागियों के सामने अपनी प्रतिभा से जिले को सर्वोत्तम स्थान दिलाया,25 गोल्ड मेडल जीतकर बागेश्वर ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दो दिवसीय प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद खिलाड़ी वापस लौट आए हैं।



उनका यहां पहुंचने पर स्वागत किया गया। 21 व 22 जनवरी को हल्द्वानी के सूर्य बैंक्वट हॉल में प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 10 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 400 से भी अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यहां के खिलाड़ियों ने 25 स्वर्ण पदक जीते। यह सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता विशाखापट्टनम पंडुचेरी और आंध्र प्रदेश में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में कोच के रूप में गोकुल खेतवाल, अनीता पांडे, जगदीश जोशी, किशोर कुमार, ललित नेगी, विवेक नेगी रहे। टीम प्रभारी अनिल कार्की थे, जबकि उतराखंड तकनीकी समिति में कमलेश तिवारी मौजूद रहे। तिवारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता क्युरेगी व पूमसे इवेंट के तहत खेली गई। इसमें क्युरेगी में 15 व पूमसे में दस गोल्ड जीते।

# मांगों को लेकर उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा धरने पर बैठा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा एक बार फिर से राज्य सरकार और परिवहन निगम के खिलाफ मुखर हो गया है। हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में सैकड़ों कर्मचारियों ने धरना दिया और 3 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार एवं परिवहन निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने संविदा विशेष श्रेणी कर्मचारियों को नियमित करने और मृतक आश्रितों को तत्काल नियुक्ति देने की मांग की। इसके साथ ही परिवहन निगम पर अनुबंधित बसों का बेड़ा बढ़ाने और अपनी बसों को कम करने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। रोडवेज कर्मचारियों ने सरकार व परिवहन निगम को चेतावनी देते हुए 31 जनवरी तक उनकी मांगे पूरी न किए जाने पर बेमियादी हड़ताल और चक्काजाम की चेतावनी दी है।



# डीएम ने अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम द्वारा तहसील चौखुटिया तथा द्वाराहाट के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं भ्रमण किया तथा जनता की समस्याओं को सुना गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने विकासखंड चौखुटिया के माध्यम से ग्राम भनौटीया में बनाए गए सोलर पंपिंग योजना का निरीक्षण किया। यहां पर जिलाधिकारी ने योजना से संबंधित अनुरक्षण एवं रखरखाव समेत विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। इस सोलर पंपिंग योजना पहल की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने योजना के अनुरक्षण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का अनुरक्षण ग्राम सभा रोस्टर बनाकर करे। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मॉड्यूल में निर्माण संबंधी कार्य मनरेगा के माध्यम से कराया जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकार की एकल योजना को जल जीवन मिशन के माध्यम से किसी एकल गांव के लिए भी बनाने पर विचार किया जाए। यहां ग्रामीणों द्वारा सिंचाई की सुविधा की मांग की गई जिस पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भेईगंज बांध से पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई की व्यवस्था को जाए। यहां पर ग्रामीणों ने ग्राम की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी को दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चौखुटिया का निरीक्षण किया। यहां पर निर्माणाधीन भवनों के बारे में विभिन्न जानकारी प्राप्त कर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा के तहत कार्य करने के निर्देश दिए। निकट में ही स्थित सिंचाई गुल के कारण विद्यालय परिसर में पानी के रिसाव के समाधान हेतु सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि भूपरिक्षण कराकर इसका समाधान निकाला जाए। यहां जिलाधिकारी ने अध्ययनरत छात्राओं से वार्तालाप किया । साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय में कोई भी विषय बिना शिक्षक के न रहे। इसके लिए उन्होंने कहा कि या तो प्रवक्ता अथवा सहायक अध्यापक की तैनाती कर समायोजन के आधार पर व्यवस्था करें। तत्पश्चात प्रशासनिक टीम ने विश्व बैंक के माध्यम से बन रहे भटकोट – झाला पुल का निरीक्षण किया। यहां जिलाधिकारी ने पुल के संबंध में विभिन्न जानकारियां प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिएइसके बाद जिलाधिकारी ने मासी पहुंचकर भूमिया मंदिर में पूजा अर्चना कर जनपद वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद मंदिर परिसर में ही ग्राम चौपाल लगाकर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ कूड़ा प्रबंधन के संबंध में बैठक की। यहां पर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के सम्मुख बिजली, सिंचाई, भू कटाव जैसी विभिन्न समस्याएं रखी। जिलाधिकारी ने एक एक कर सभी समस्याओं को सुना तथा मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निदान हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बैठक में ग्रामीणों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से कूड़े का सोर्स सेग्रीगेशन करने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कूड़े का सोर्स सेग्रीगेशन होगा तो गीले एवं सूखे कूड़े का निस्तारण आसान होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कूड़े को अलग अलग करके निस्तारण करने में जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर है।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख चौखुटिया किरण बिष्ट, उपजिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# नगदी व दस्तावेज भरे बैग सहित चोर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना पुलिस ने हजारों की नगदी व आवश्यक दस्तावेजों से भरे बैग को चोरी कर भागे शातिर चोर को बैग सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार सूरज पूरी पुत्र होशियारपुरी द्वारा थाना मुखानी में शिकायत दर्ज कराई गई कि उसके द्वारा एक रिक्शा हायर किया गया जिसमें एक काले रंग का बैग भी रखा था। बैग में उसके अपने कपड़े,व्यक्तिगत दस्तावेज जिसमे पैन कार्ड, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड वीजा कार्ड व 30 हजार से अधिक धनराशि आदि रखे हुए थे। रिक्शेवाले को सड़क पर खड़ा करके अपना दूसरा सामान लेने के लिए गया वापस लौटा तो देखा कि रिक्शावाला रिक्शे में सामान से भरे बैग को लेकर फरार हो गया था। चोरी हुए सामान से भरे बैग की बरामदगी हेतु रमेश बोरा थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में उप निरीक्षक सोमेंद्र सिंह ने टीम के साथ घटनास्थल के आसपास के संभावित सीसीटीवी फुटेज का निरीक्षण किया रिक्शा चालकों के बयान ,मुखबिर की सूचना, कई लोगों से पूछताछ की। काफी प्रयासों के बाद बैग की चोरी की घटना में प्रकाश में आए अभियुक्त लल्लन उर्फ लालन पुत्र स्वर्गीय मेवाराम निवासी ग्राम व डाकखाना शाहगंज, थाना रोजा जिला शाहजहांपुर को चौधरी कॉलोनी से 24 घंटे के भीतर मय माल के गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सोमेंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल धीरज सुगड़ा व चंदन सिंह नेगी शामिल थे।



# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर काशीपुर बाईपास पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर प्रदेश मंत्री विकास शर्मा एवं दक्षिणी मंडल के अध्यक्ष धर्म सिंह कोली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इस दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी ने एक-एक कार्यकर्ता को एकत्र कर अपनी फौज बनाई और इस देश को आजाद कराया आज हम जो इस देश के अंदर खुली सांस ले रहे हैं वहीं वीर सेनानियों की कुर्बानी के कारण ही ले पा रहे हैं उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन पर अनुसरण करना चाहिए और इस राष्ट्र के लिए आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए इस राष्ट्र को आगे बढ़ाना चाहिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस हमारे देश का गौरव है। इनकी जयंती पर पूरे देश के अंदर युवाओं को आगे आकर इस जन्म जयंती को मनाना चाहिए और इन से प्रेरणा लेना चाहिए। इस दौरान सतनाम सिंह,अजय मौर्य, राकेश दास, सुनील पाल, विजय कुमार, संदीप वाल्मीकि, अर्जित राठी, देव शर्मा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# दो फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। जहरीली कच्ची शराब तथा दहेज उत्पीड़न तो अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम रमपुरा कुंडेश्वरी निवासी दिलबाग सिंह पुत्र सतनाम सिंह को जहरीली शराब के एक मामले में पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किए गए थे। इसी तरह दहेज उत्पीड़न के एक अन्य मामले में उपरोक्त मोहल्ला निवासी बलदेव सिंह पुत्र भजन सिंह पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था। समय से कोर्ट में हाजिर न होने पर उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने दोनों ही वारंटियों को सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।



# गूलरभोज सभासद समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज के एक सभासद पर बुजुर्ग चाचा ने संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया । पीड़ित ने सभासद पर जान से मारने की नीयत से तमंचा तानने सहित अन्य संगीन आरोप लगाए। पीड़ित की शिकायत दर्ज ना करने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली जिसके बाद पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सभासद सहित कुल 5 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी। किशन लाल चुघ ने अपने सभासद भतीजे सतीश कुमार चुघ पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे उनकी भूमि को कुछ लोगों से सांठगांठ कर हड़पने का आरोप लगाया। किशनलाल का कहना था कि उनकी गूलरभोज नगर पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में निजी भूमि है जोकि सरकारी अभिलेखों में खसरा नंबर 341 ख वर्ग 1 क संक्रमणीय अधिकार वाली भूमिधर के रूप में दर्ज है जिसमें गांव के ही आनंद प्रकाश अमरनाथ का नाम सह खातेदार में दर्ज है। किशनलाल का कहना था कि उक्त भूमि को चोखे राम पुत्र गिरधारी एवं नरेश कुमार पुत्र चोखे राम से खरीदा गया था पीड़ित किशनलाल का आरोप है कि उन्होंने अपने हिस्से की भूमि पर एक धार्मिक स्थल का निर्माण कराया था जिसके एक हिस्से की भूमि को हड़पने की नियत से उनके सभासद भतीजे सतीश चुघ, चोखे राम, नरेश कुमार, आनंद प्रकाश व अमरनाथ से एक राय होकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लिए और एक सोची समझी साजिश के तहत तैयार किए गए सरकारी दस्तावेजों से किशन चंद्र का नाम हटा दिया गया। उन्होंने सभासद सतीश चुघ पर पूरी साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके नाम को हटाकर उसके स्थान पर अपने चचेरे भाई अमरनाथ व आनंद प्रकाश का नाम दर्ज करा दिया जोकि कानूनी रूप से गलत है। किशन चंद का आरोप हैं कि उपरोक्त भूमि के संबंध में एक पंचायत के माध्यम से वार्ता चल रही थी इसी बीच सभासद सतीश चुघ ने बैठक में आकर उनके साथ अभद्रता करते हुए तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायर किया। गोली चलने की आवाज सुनकर कुछ लोग वहां जमा हो गए लोगों को आता देख सतीश चुघ तमंचे को कमर में छुपाकर वहां से चला गया किशन चंद ने बताया कि घटना के तत्काल बाद उन्होंने घटना की जानकारी फोन से थाना गदरपुर को दी परंतु कोई भी पुलिसकर्मी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा इसके बाद उन्होंने थाना गदरपुर में शिकायत दी। जिसकी सुनवाई ना होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली और पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर बीती 1 जनवरी को पुलिस ने सभासद सतीश चुघ, आनंद प्रकाश, अमरनाथ, चोखे राम एवं नरेश कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया। किशन चुघ ने अपने सभासद भतीजे सतीश चुघ पर आरोप लगाते हुए कहा कि सतीश चुघ नगर पंचायत गूलरभोज के वार्ड नंबर 2 से सभासद है।

## पेज एक का शेष...

**बेटियों की सुरक्षा से ...**रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के मूल मंत्र पर सरकार काम कर रही है। पूरी सरकार बेटियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। हमारा सपना है कि उत्तराखण्ड की हर बेटी सशक्त हो और देश के विकास में उनकी भागीदारी हो। कार्यक्रम में सीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बेटियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या, विधायक खजान दास, महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, विधायक सविता कपूर समेत तमाम लोग मौजूद थे।

**धीरेंद्र शास्त्री को ...**पहले, धीरेंद्र शास्त्री को चुनौती देने वाले अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के श्याम मानव को भी जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। धमकी मिलने के बाद उनकी सुरक्षा को और बढ़ा दिया गया है। श्याम मानव ने धीरेंद्र शास्त्री पर अंधविश्वास को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।श्याम मानव ने धीरेंद्र शास्त्री को नागपुर में दिव्य दरबार लगाने की चुनौती दी थी। श्याम का कहना था कि अगर धीरेंद्र शास्त्री उनके बीच दिव्य दरबार लगाते हैं और चमत्कार करके दिखाते हैं तो वो उन्हें 30 लाख रुपये देंगे। आरोप है कि धीरेंद्र शास्त्री दरबार अधूरा छोड़कर भाग गए थे।

**दो किलो अफीम...**आती दिखायी दी। पुलिस कर्मचारीगणो को देखकर कार सवार दोनों व्यक्ति वाहन छोडकर भागने लगे। जिस पर पुलिस ने पीछा कर दोनो व्यक्तियो को घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता कुलदीप सिहं पुत्र जीत सिहं निवासी ग्राम चन्दुवा नगला पोस्ट पनवडिया थाना खजुरिया जिला रामपुर व अजमेर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम इंटगा बैरंग नगर पोस्ट पनवडिया थाना खजुरिया जिला रामपुर बताया। कार की तलाशी लेने पर सीट के नीचे दो किलो अवैध अफीम बरामद हुई। उनका कहना था यह अफीम मुजफ्फरगंज थाना खजुरिया निवासी एक व्यक्ति से ला रहे हैं । जिसे बाजपुर दोराहा पर एक व्यक्ति को देना था। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने बरामद अफीम कब्जे में लेकर दोनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। खुलासा के दौरान एसपी काशीपुर अभय कुमार,सीओ बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी, पीआरओ इंस्पेक्टर भारत सिंह मौजूद थे ।

**शादी का झांसा..**रंधावा ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए तो आगे बनाता ही चला गया। मोहलत की मियाद खत्म होने के बाद जब पीड़िता ने शादी के सर्टिफिकेट की बात कही तो पहले तो रंधावा टालमटोल करता रहा बाद में उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म करने लगा और ब्लैक मेलिंग करने की धमकी दी। रंधावा ने पीड़िता के घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ करते हुए उसके स्वर्ण आभूषण जबरदस्ती लूट लिए। और मकान तथा जमीन उसके नाम न करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि घटना के तत्काल बाद उसने स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना देते हुए न्याय की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने उसके मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उसने यह भी बताया कि देहरादून स्थित पुलिस के उच्चाधिकारियों को भी उसने लिखित तहरीर दी लेकिन पुलिस के अधिकारियों ने मामले को अनसुना कर दिया। फिलहाल घटना के लगभग 2 वर्ष बाद कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने उपरोक्त पांचों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**विद्युत केबल चोरी...**की चैकिंग के लिये गश्त कर रहा था। सिडकुल ढाल से पहले ट्रक पार्किंग के पास पहुंचे तो देखा कि तीन व्यक्ति निर्माण निगम सिडकुल द्वारा बिछायी केवल तार को काट कर तीन कट्टो में भरकर सड़क के किनारे किनारे कल्याणी नदी की ओर जा रहे थे। जिस पर तीनो व्यक्तियों का पीछा कर कल्याणी नदी के किनारे पकड़ लिया। नाम पता पूछा तो उन्होंने प्रिन्स नारंग उर्फ शेरा पुत्र रोशन लाल निवासी वार्ड नं0 19 पक्का खेड़ा रुद्रपुर, सचिन गंगवार पुत्र विनोद कुमार हाल निवासी शिमला बहादुर ट्रांजिट कैम्प स्थाई निवासी ग्राम बोंडा थाना बहेडी बरेली तथा प्रकाश सरकार पुत्र परिमल सरकार निवासी गड्ढा कॉलोनी शास्त्री नगर ट्राजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उनके पास मौजूद कट्टों में चुराई गई विद्युत केबल बरामद हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**स्कूल में कंप्यूटर चोरी...**तरुण मेहता, कॉन्स्टेबल सुरेश प्रसाद, कॉन्स्टेबल कमल बिष्ट ने घटना में शामिल समीर हलदर उर्फ नाती पुत्र सुजीत हलदर निवासी नगीना कॉलोनी कोतवाली लाल कुआं और अमन गुप्ता पुत्र सीताराम गुप्ता निवासी नगीना कॉलोनी कोतवाली लालकुआं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान एचपी कंपनी का कीबोर्ड, माउस, एल सी डी मॉनिटर , सीपीयू व बैटरी आदि सामान बरामद कर लिया।

**दिल्ली से लापता...**बताया कि सुरेश पंत के साथ बड़ा हादसा हो गया है। उसके बाद से उनका फोन बंद हो गया और वह घर भी नहीं लौटे। मुकुल पंत ने पिता के अपहरण की आशंका जताई थी। पुलिस और परिजन तभी से सुरेश पंत की तलाश कर रहे थे। मृतक दिल्ली से यहां कैसे पहुंचा इस सम्बंध में पुलिस छानबीन कर रही है। मामले की सूचना दिल्ली पुलिस को भी दे दी गयी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा Online से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikhoti +919690256666
Pilikhoti +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)